भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3298.
12 मार्च, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

अमृत 2.0 के अंतर्गत मैनपुरी में जल आपूर्ति परियोजनाएं

3298. श्रीमती डिम्पल यादवः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अमृत 2.0 के अंतर्गत मैनपुरी के लिए स्वीकृत जल आपूर्ति परियोजनाओं की स्वीकृत लागत कितनी है, केंद्र और राज्य का हिस्सा कितना है, जारी की गई निधि कितनी है, किया गया व्यय कितना है और वास्तविक प्रगति क्या है;

(ख) मैनपुरी में केवल दो जल आपूर्ति परियोजनाओं को स्वीकृति देने के क्या कारण हैं, जबकि सीवरेज, अपशिष्ट जल उपचार और शहरी हरित अवसंरचना से संबंधित परियोजनाओं को शामिल नहीं किया गया है;

(ग) मैनपुरी में स्थानीय नालियों और जल निकायों में अनुपचारित अपशिष्ट जल के प्रवाह के बावजूद सीवरेज प्रणालियों या सीवेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) को स्वीकृति नहीं दिए जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सीवरेज प्रणालियों, एसटीपी, जल निकायों के पुनरुद्धार और हरित क्षेत्रों के विकास से संबंधित कोई प्रस्ताव विचाराधीन हैं और यदि हां, तो उनकी स्वीकृति की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (घ): जल और स्वच्छता राज्य का विषय है। भारत सरकार योजनाबद्ध हस्तक्षेपों/परामर्शिकाओं के माध्यम से राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है। यह विभिन्न योजनाओं/मिशनों जैसे अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0) के माध्यम से राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करती है।.

अमृत 2.0 के अंतर्गत, राज्य को मिशन दिशानिर्देशों के व्यापक फ्रेमवर्क के भीतर अपनी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार परियोजनाओं के चयन, मूल्यांकन, प्राथमिकता निर्धारिण और कार्यान्वयन करने का अधिकार है। अमृत 2.0 के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश राज्य के लिए 8,161 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता सहित 26,761.06 करोड़ रुपये की 651 परियोजनाओं को शामिल करते हुए राज्य जल कार्य योजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिसमें मैनपुरी जिले में 02 जल आपूर्ति परियोजनाएं और 01 जलाशय पुनरूद्धार परियोजना शामिल है। राज्य ने अमृत 2.0 के अंतर्गत कोई सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन परियोजना या पार्क और हरित स्थान परियोजनाएं प्रारंभ नहीं की हैं।

राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, मैनपुरी नगर पालिका में राज्य द्वारा प्रारंभ की गई 02 जल आपूर्ति परियोजनाओं की स्थिति निम्नानुसार है:

सभी राशि करोड़ रूपए में

परियोजना का नाम	कुल स्वीकृत लागत	केंद्रीय हिस्सा	राज्य/शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) का हिस्सा	किया गया व्यय	भौतिक प्रगति
(24x7) जलापूर्ति योजना नगर पालिका मैनपुरी आवास विकास (वार्ड -10)	11.89	3.69	8.2	2.84	56%
अमृत 2.0 के अंतर्गत नगर पालिका मैनपुरी पुनर्गठित जल आपूर्ति योजना	127.68	40.51	87.17	-	निविदा चरण में

*****